तेरा बालक परेशान है देख कैसा ये तूफान है लिरिक्स

तेरा बालक परेशान है,
देख कैसा ये तूफान है,
घेर कर है खड़ी मुश्किलें,
तू कहां रह गया श्याम है।bd।

तर्ज – ये तो सच है की।

सुख के दिन में मुझे,
सारे प्यारे मिले,
पर बुरे वक्त में,
बंद द्वारे मिले,
झूठे जग की ये पहचान है,
झूठे रूतबे पे अभिमान है,
घेर कर है खड़ी मुश्किलें,
तू कहां रह गया श्याम है।bd।

हाथ फैले हैं जो,
आज ये सामने,
आना होगा तुम्हें,
अब इन्हें थामने,
जान के भी क्यों अनजान है,
तू तो दाता दयावान है,
घेर कर है खड़ी मुश्किलें,
तू कहां रह गया श्याम है।bd।

लाज जाएगी ये,
गर ना आए अभी,
क्या पता घुट के दम,
मर ना जाएं अभी,
तेरे आगे जो इन्सान है,
देखले नन्हीं सी जान है,
घेर कर है खड़ी मुश्किलें,
तू कहां रह गया श्याम है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
तेरा बालक परेशान है,

देख कैसा ये तूफान है,
घेर कर है खड़ी मुश्किलें,
तू कहां रह गया श्याम है।bd।

Singer – Raj Pareek Ji
Upload By – Prashant Sharma
7818804709

---

https://youtu.be/jfBnAcnDf9s?t=214

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com